दैनिक भास्कर 12/10/2023

यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर करवाया व्याख्यान

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज की आईसीसी कमेटी ने यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर जागरूकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य वक्ता सहायक प्रोफेसर डॉ. अनुपमा सिहाग ने बताया कि उत्पीड़न केवल शारीरिक ही नहीं अपितु मानसिक, सामाजिक व तनाव से संबंधित भी होता है। उन्होंने आईसीसी की कार्यशैली के बारे में चर्चा की। आईसीसी प्रभारी कमलेश ने स्टूडेंट्स को कोड ऑफ कंडक्ट के बारे में बताया। मौके पर डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अमिता, श्याम रहेजा, प्रीति के साथ-साथ 120 स्टूडेंट्स ने भाग लिया।